रेलवे भर्ती बोर्ड | RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीईएन ०१/२०२६ सहायक लोको पायलट (एएलपी) के पद पर भर्ती

CEN 01/2026 Recruitment of Assistant Loco Pilot (ALP)

सत्यमेव जयते

Test Date	05/11/2026
Test Time	9:00 AM - 10:00 AM
Subject	RRB ALP 2026 CBT 1

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB ALP**

Q.1 **एक व्यक्ति ने 4 वर्षों के लिए 10% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से ₹56,000 का निवेश किया। 4 वर्षों के बाद उसे प्राप्त होने वाली राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।**

Ans
- ✔ A. 78,400
- ✘ B. 81,400
- ✘ C. 79,400
- ✘ D. 80,400

Q.2 **निम्नलिखित मानदंडों को उनके सही विवरण से सुमेलित कीजिए।**

वर्गीकरण मानदंड	विवरण
I). पोषण की विधा	A) कोशिका भित्ति की उपस्थिति या अनुपस्थिति
II). पारिस्थितिक भूमिका	B) स्वपोषी या विषमपोषी
III). कोशिका संरचना	C) उत्पादक, उपभोक्ता, या अपघटक

Ans
- ✘ A. I -A, II-B, III-C
- ✘ B. I-A, II-C, III-B
- ✔ C. I-B, II-C, III-A
- ✘ D. I-C, II-B, III-A

Q.3 **रदरफोर्ड के प्रयोग के किस प्रेक्षण से यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि परमाणु में अधिकांशतः रिक्त स्थान होता है?**

Ans
- ✔ A. अधिकांश अल्फा कण पर्णिका से सीधे निकल गए
- ✘ B. कुछ अल्फा कण पर्णिका से टकराकर पुन: लौट आए
- ✘ C. अल्फा कणों को स्वर्ण पर्णिका ने पूर्णतः अवशोषित कर लिया
- ✘ D. इलेक्ट्रॉनों ने घूर्णन करते हुए प्रकाश उत्सर्जित किया

Q.4 **Δ ABC में, DE || AC, जहां D और E क्रमशः भुजाओं AB और BC पर स्थित बिंदु हैं। यदि BD = 10 cm और AD = 13 cm है, तो Δ BDE के क्षेत्रफल और समलंब ADEC के क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए।**

Ans
- ✘ A. 430:101
- ✘ B. 101:430
- ✘ C. 429:100
- ✔ D. 100:429

Q.5 अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✔ A. LH – CZ
- ✘ B. EA – VR
- ✘ C. IE – ZV
- ✘ D. TP – KG

Q.6 एक त्रिभुज की भुजाएं 7, 9 और x हैं। x के किस मान के लिए त्रिभुज का क्षेत्रफल अधिकतम होगा?

Ans
- ✘ A. $\sqrt{140}$
- ✔ B. $\sqrt{130}$
- ✘ C. $\sqrt{110}$
- ✘ D. $\sqrt{120}$

Q.7 एक नल एक टंकी को 9 घंटे में भर देता है, जबकि दूसरा नल पूरी टंकी को 12 घंटे में खाली कर देता है। यदि टंकी प्रारंभ में खाली है और दोनों नल एक साथ खोल दिए जाते हैं, तो टंकी का आधा हिस्सा भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans
- ✘ A. 36
- ✔ B. 18
- ✘ C. 19
- ✘ D. 38

Q.8 एक गोले की त्रिज्या में 0.5 cm की वृद्धि होने पर उसके पृष्ठीय क्षेत्रफल में 44 cm^2 की वृद्धि हो जाती है। मूल त्रिज्या ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

Ans
- ✘ A. 3.5 cm
- ✔ B. 3.25 cm
- ✘ C. 4 cm
- ✘ D. 4.25 cm

Q.9 मादा प्रजनन तंत्र का निम्नलिखित में से कौन-सा भाग, अंड उत्पन्न करने और हार्मोन मुक्त करने, दोनों के लिए उत्तरदायी है?

Ans
- ✘ A. गर्भाशयग्रीवा (Cervix)
- ✔ B. अंडाशय (Ovary)
- ✘ C. अंडवाहिनी (Oviduct)
- ✘ D. गर्भाशय (Uterus)

Q.10 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) T V @ $ @ £ £ © E R S € N W # % # M N © € $ (दाएं)
ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर और ठीक बाद में भी एक अक्षर है?

Ans
- ✔ A. 1
- ✘ B. 2
- ✘ C. 0
- ✘ D. 3

Q.11 छात्रों के एक समूह द्वारा प्राप्त पॉकेट मनी राशि (₹ में) इस प्रकार है: 400, 600, 400, 800, 600, 400, 1000 । इस आंकड़े का बहुलक क्या है?

Ans
- ✘ A. ₹600
- ✘ B. ₹1000
- ✔ C. ₹400
- ✘ D. ₹800

Q.12 यदि शब्द ANCHOR के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✔ A. तीन
- ✘ B. दो
- ✘ C. एक का भी नहीं
- ✘ D. एक

Q.13 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
9 B 3 D 21 A 3 C 2 = ? D 8

Ans
- ✘ A. 33
- ✔ B. 30
- ✘ C. 32
- ✘ D. 34

Q.14 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
TAP BED LOG FIN
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में बाईं ओर से पहले स्थान पर स्वर है?

Ans
- ✘ A. 4
- ✔ B. 2
- ✘ C. 3
- ✘ D. 1

Q.15 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) X G # E A @ $ R & U Ω T £ D H Y (दाएं)

यदि शृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएं से तीसरा होगा?

Ans
- ✘ A. G
- ✔ B. E
- ✘ C. A
- ✘ D. R

Q.16 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{(\cot^2 A - \tan^2 A)(\sin^2 A - 1)(\cos^2 A - 1)}{(2\cos^2 A - 1)} + \frac{(1 + \cot^2 A)}{\sin A}$$

Ans
- ✘ A. $1 - \text{cosec}^3 A$
- ✔ B. $1 + \text{cosec}^3 A$
- ✘ C. $\sin^3 A - 1$
- ✘ D. $\sin^3 A + 1$

Q.17 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं होता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक	$	?	*	&	+	7	5	9	!	%
कूट	E	D	C	Y	R	X	T	L	O	I

शर्तें –
(i) यदि पहला और अंतिम अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों के कूटों को परस्पर प्रतिस्थापित कर दें।
(ii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव विषम संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध करें।
(iii) यदि चौथा अवयव एक प्रतीक है और पांचवां अवयव एक संख्या है, तो दोनों अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध करें।

संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?
$? * & +

Ans
- ✘ A. EDCOR
- ✔ B. EDCYR
- ✘ C. EDLYR
- ✘ D. TDCYR

Q.18 रिज़वान बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व की ओर 37 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 58 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 31 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएँ मुड़ता है और 21 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. 15 km; दक्षिण की ओर
- ✗ B. 16 km; उत्तर की ओर
- ✓ C. 17 km; दक्षिण की ओर
- ✗ D. 14 km; दक्षिण की ओर

Q.19 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन-अंकों वाली पांच संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 429 476 483 521 589 (दाएं)
(उदाहरण के लिए, 697 लीजिए – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

यदि दूसरी सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को दूसरी सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 8
- ✗ B. 9
- ✗ C. 6
- ✗ D. 7

Q.20 एक दुकानदार किसी शर्ट का मूल्य, उसके क्रय मूल्य से 50% अधिक अंकित करता है। फिर वह अंकित मूल्य पर 10% और 20% की दो क्रमिक छूट प्रदान करता है। यदि अंतिम विक्रय मूल्य ₹432 है, तो शर्ट का मूल क्रय मूल्य कितना था?

Ans
- ✗ A. ₹280
- ✗ B. ₹360
- ✗ C. ₹320
- ✓ D. ₹400

Q.21 शब्द FIRMEST के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार निर्मित सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार निर्मित अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाएं से चौथा होगा?

Ans
- ✓ A. N
- ✗ B. G
- ✗ C. J
- ✗ D. S

Q.22 मानव बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व की ओर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 12 km ड्राइव करता है, फिर से बाएं मुड़कर 13 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 18 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़कर 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. 5 km दक्षिण की ओर
- ✗ B. 4 km दक्षिण की ओर
- ✓ C. 6 km उत्तर की ओर
- ✗ D. 4 km उत्तर की ओर

Q.23 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, प्रश्न के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता। उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं की जा सकती, क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
14 - 9 - 1 - 3
7 - 2 - (-6) - (-18)

Ans
- ✗ A. 8 - 3 - (-7) - (-14)
- ✗ B. 50 - 44 - 36 - 72
- ✗ C. 22 - 18 - 11 - 33
- ✓ D. 9 - 4 - (-4) - (-12)

Q.24 यदि $9\sec^2\theta - 6\tan^2\theta = 15$ है, जहाँ θ एक न्यून कोण है, तो $\text{cosec}\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\frac{3}{\sqrt{2}}$
- ✓ B. $\sqrt{\frac{3}{2}}$
- ✗ C. $\sqrt{\frac{2}{3}}$
- ✗ D. $\frac{2}{\sqrt{3}}$

Q.25 जब एक अधिक अभिक्रियाशील धातु, कम अभिक्रियाशील धातु के लवण विलयन के साथ अभिक्रिया करती है, तो किस प्रकार की अभिक्रिया होगी?

Ans
- ✗ A. प्रतिस्थापन (Substitution)
- ✗ B. योगज (Addition)
- ✗ C. पुनर्विन्यास (Rearrangement)
- ✓ D. विस्थापन (Displacement)

Q.26 एक कार के रेडिएटर में 51% एंटीफ्रीज वाला विलयन होना चाहिए। एक मोटरचालक के पास 23% एंटीफ्रीज वाला 9 लीटर विलयन है। 51% एंटीफ्रीज वाला विलयन प्राप्त करने के लिए उसे अपने विलयन में 97% एंटीफ्रीज द्रव का कितना लीटर (दशमलव के 2 स्थानों तक पूर्णांकित) मिलाना चाहिए?

Ans
- ✗ A. 6.94
- ✗ B. 10.39
- ✗ C. 4.18
- ✓ D. 5.48

Q.27 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✗ A. उच्च निरपेक्ष अपवर्तनांक वाला माध्यम प्रकाशिक रूप से विरल होता है।
- ✓ B. उच्च निरपेक्ष अपवर्तनांक वाला माध्यम प्रकाशिक रूप से सघन होता है।
- ✗ C. निम्न निरपेक्ष अपवर्तनांक वाला माध्यम प्रकाशिक रूप से सघन होता है।
- ✗ D. निरपेक्ष अपवर्तनांक, प्रकाशिक घनत्व से संबंधित नहीं होता है।

Q.28 यदि शब्द SCRAMBLE के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✓ A. एक का भी नहीं
- ✗ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✗ D. दो

Q.29 यदि 0.16 और 0.64 के बीच का माध्यानुपाती x है, तो x का मान कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 0.48
- ✗ B. 0.40
- ✗ C. 0.24
- ✓ D. 0.32

Q.30 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A, D के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। A और G का निकटतम पड़ोसी E है। B और C का निकटतम पड़ोसी D है। यदि F, C के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है, तो G के ठीक बाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. B
- ✗ B. C
- ✓ C. E
- ✗ D. F

Q.31 यदि 2x + 5y = 18 और 2x – 5y = 2 हो, तो xy का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 9
✓ B. 8
✗ C. 16
✗ D. 12

Q.32 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

PHL 2 MJJ -4 JLH 8 GNF -16 ?

Ans
✗ A. FRE 34
✗ B. GHY 67
✓ C. DPD 32
✗ D. GYT 35

Q.33 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं होता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक $ 7 3 + 8 # @ 5 ! &

कूट SHUETAQ WJB

शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों के कूटों को परस्पर प्रतिस्थापित कर दें।
(ii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव विषम संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध करें।
(iii) यदि चौथा अवयव एक प्रतीक है और पांचवां अवयव एक संख्या है, तो दोनों अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध करें।

संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?
$ 7 3 + #

Ans
✓ A. SHHEA
✗ B. SJUET
✗ C. SHUEW
✗ D. SHUET

Q.34 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) के रूप में क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।
5 पोल - W, O, K, G और Y में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, कौन-सा पोल सबसे छोटा है?
(I) W, O से छोटा है लेकिन K से लंबा है।
(II) W, Y से छोटा है। G, K से लंबा है।

Ans
✗ A. अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
✗ B.
कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त **नहीं** हैं।
✗ C.
अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
✓ D.
कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से (अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Q.35 निम्नलिखित शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

6 10 15 21 28 36 ?

Ans
✗ A. 43
✗ B. 48
✗ C. 47
✓ D. 45

Q.36 सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E के दायीं ओर केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। F के बायीं ओर केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। C और E का निकटतम पड़ोसी G है। B, D के बायीं ओर तीसरे स्थान पर है। A और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✓ A. दो
✗ B. एक
✗ C. चार
✗ D. तीन

Q.37 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 9 का संबंध 83 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 16 का संबंध 258 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 3 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✗ A. 13
- ✗ B. 7
- ✓ C. 11
- ✗ D. 15

Q.38 E, R, T, Y, U और W एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।
E एक विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन तल क्रमांक 5 पर नहीं रहता है। जिन तलों पर E और R रहते हैं, उनके तल क्रमांकों का योगफल 5 है। R और W के बीच केवल 3 व्यक्ति रहते हैं। U, T के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है।
T के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✗ A. 1
- ✗ B. 2
- ✗ C. 4
- ✓ D. 3

Q.39 एक लंब वृत्तीय शंकु का व्यास 14 m है और इसकी तिर्यक ऊंचाई 11 m है। इसका आयतन ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

Ans
- ✗ A. $408\sqrt{2}\ m^3$
- ✗ B. $108\sqrt{2}\ m^3$
- ✗ C. $208\sqrt{2}\ m^3$
- ✓ D. $308\sqrt{2}\ m^3$

Q.40 A, B, C, D और E ने एक परीक्षा में भिन्न-भिन्न अंक प्राप्त किए हैं। C ने केवल 1 व्यक्ति से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। E ने, A से अधिक लेकिन D से कम अंक प्राप्त किए हैं। A ने, B से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। सबसे अधिक अंक किसने प्राप्त किए हैं?

Ans
- ✓ A. D
- ✗ B. E
- ✗ C. C
- ✗ D. A

Q.41 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा विकल्प उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. NTXA
- ✗ B. YEIL
- ✓ C. XDGK
- ✗ D. MSWZ

Q.42 सात व्यक्ति, E, F, G, H, W, X और Y, एक गोल मेज के परित: उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E, F के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। W के बाईं ओर से गिनने पर, F और W के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। H के दाईं ओर से गिनने पर, Y और H के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। X, Y का निकटतम पड़ोसी है। G के ठीक बाईं ओर पड़ोस में और ठीक दाईं ओर पड़ोस में क्रमशः कौन-कौन बैठा है?

Ans
- ✓ A. F और W
- ✗ B. F और X
- ✗ C. H और F
- ✗ D. X और W

Q.43 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 214 359 369 741 846 (दाएं)
(उदाहरण के लिए 697 लीजिए – इसमें पहला अंक = 6 है, दूसरा अंक = 9 है, और तीसरा अंक = 7 है)
नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी चाहिए।
यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
- ✔ A. 5
- ✘ B. 15
- ✘ C. 8
- ✘ D. 9

Q.44 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए युग्मों के दो समुच्चयों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दिए गए दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

BOA : XQW
TSS : PUO

Ans
- ✘ A. YGD : WKB
- ✘ B. DWP : AYM
- ✘ C. KTO : HWL
- ✔ D. LWK : HYG

Q.45 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
23 D 10 B 3 C 112 A 4 = ?

Ans
- ✘ A. 14
- ✘ B. 17
- ✘ C. 20
- ✔ D. 21

Q.46 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। V की परीक्षा गुरुवार को है। V और P के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। Q की परीक्षा, P की परीक्षा के ठीक बाद वाले दिन है, लेकिन रविवार को नहीं है। U की परीक्षा, V की परीक्षा के ठीक बाद वाले दिन है। S की परीक्षा, T की परीक्षा के ठीक पहले वाले दिन है। P की परीक्षा, R की परीक्षा के ठीक बाद वाले दिन है। किसी निश्चित तर्क का पालन करते हुए, Q का संबंध दी गई व्यवस्था में बुधवार से उसी तरीके है जिस तरीके से S का संबंध शनिवार से है। उसी तर्क का पालन करते हुए, T का संबंध निम्नलिखित में से किस दिन से है?

Ans
- ✘ A. मंगलवार
- ✘ B. सोमवार
- ✔ C. रविवार
- ✘ D. शुक्रवार

Q.47 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) T © * Q L @ M $ I B A © & J © O © & N £ I © (दाएं)
ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर और ठीक बाद में भी एक अक्षर है?

Ans
- ✘ A. 2
- ✘ B. 3
- ✘ C. 0
- ✔ D. 1

Q.48 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
17 D 6 B 4 C 49 A 7 = ?

Ans
- ✘ A. 12
- ✘ B. 7
- ✘ C. 4
- ✔ D. 0

Q.49 मस्तिष्क का कौन-सा भाग, मुख्य रूप से चिंतन और निर्णयन के लिए उत्तरदायी है?

Ans
- ✘ A. मेरुरज्जु
- ✘ B. पश्च-मस्तिष्क
- ✔ C. अग्र-मस्तिष्क
- ✘ D. मध्य-मस्तिष्क

Q.50 दो ध्वनियों का तारत्व और प्रबलता समान है, परंतु एक अधिक सुखद (pleasant) है। निम्नलिखित में से कौन-सा अभिलक्षण उनके बीच विभेदन करने में हमारी सहायता करता है?

Ans
- ✗ A. आवृत्ति (Frequency)
- ✗ B. तरंगदैर्घ्य (Wavelength)
- ✓ C. गुणता या ध्वनिरूप (Quality or Timbre)
- ✗ D. आयाम (Amplitude)

Q.51 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
6, 12, 24, 48, ?

Ans
- ✓ A. 96
- ✗ B. 90
- ✗ C. 98
- ✗ D. 102

Q.52 निम्नलिखित का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।
$(2pq + 7q)^2 - (2pq - 7q)^2$

Ans
- ✓ A. $56pq^2$
- ✗ B. $28p^2q^2$
- ✗ C. $28pq^2$
- ✗ D. $56p^2q$

Q.53 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। यह तय कीजिए कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।
5 पोल A, W, V, G और E में से प्रत्येक की ऊँचाई अलग-अलग है। इनमें से सबसे छोटा पोल कौन-सा है?
(I) V केवल दो पोलों से लंबा है। A, V से छोटा है और W, A से छोटा है।
(II) G, E से लंबा है।

Ans
- ✗ A. अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि केवल कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✓ B. अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ C. दोनों कथन I और II संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
- ✗ D. दोनों कथन I और II संयुक्त रूप से (अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Q.54 छह मित्रों के एक समूह ने लंच पर निम्नलिखित राशियां खर्च कीं: ₹120, ₹135, ₹145, ₹150, ₹125 और x। यदि उनका औसत खर्च ₹140 था, तो x का मान कितना होगा?

Ans
- ✗ A. ₹155
- ✓ B. ₹165
- ✗ C. ₹170
- ✗ D. ₹160

Q.55 निम्नलिखित अक्षर-संख्या समूहों में से कौन-सा, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
GDF 8, JGI 13, MJL 18, PMO 23, ?

Ans
- ✓ A. SPR 28
- ✗ B. TPQ 28
- ✗ C. SPR 27
- ✗ D. TPR 27

Q.56 यदि '+' का अर्थ '−' है, '−' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

39 ÷ 24 × 3 − 5 + 19 = ?

Ans
- ✗ A. 64
- ✗ B. 58
- ✓ C. 60
- ✗ D. 62

Q.57 यदि किसी निश्चित राशि पर 10% वार्षिक दर से 2 वर्षों के लिए चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज के बीच अंतर ₹21 है, तो वह राशि कितनी है?

Ans
- ✗ A. ₹2,200
- ✗ B. ₹2,000
- ✗ C. ₹2,500
- ✓ D. ₹2,100

Q.58 किसी महिला की मासिक आय ₹50,000 है। वह किराए पर 25%, भोजन पर 35% और परिवहन पर 20% व्यय करती है, और शेष राशि की बचत करती है। वह प्रत्येक माह कितनी बचत करती है?

Ans
- ✗ A. ₹15,000
- ✓ B. ₹10,000
- ✗ C. ₹8,000
- ✗ D. ₹12,500

Q.59 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 47 और 21 दोनों से विभाज्य है?

Ans
- ✗ A. 47390
- ✓ B. 48363
- ✗ C. 46676
- ✗ D. 49923

Q.60 A ने ₹1,08,000 का निवेश करके एक व्यापार शुरू किया। 6 महीने बाद, B भी ₹1,44,000 की पूंजी के साथ उसमें शामिल हो जाता है। वर्ष के अंत में, उन्हें ₹82,000 का लाभ होता है। B का लाभ का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. ₹32,800
- ✗ B. ₹48,000
- ✗ C. ₹30,000
- ✗ D. ₹46,000

Q.61 सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में हों। E के ऊपर केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। A के नीचे केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। G को B के ठीक ऊपर लेकिन E के नीचे रखा गया है। C को D के ठीक नीचे रखा गया है। F और G के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✓ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✗ C. चार
- ✗ D. दो

Q.62 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

62 63 65 69 77 ?

Ans
- ✓ A. 93
- ✗ B. 95
- ✗ C. 91
- ✗ D. 97

Q.63 किसी निश्चित राशि पर 12% वार्षिक दर से 2 वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज के बीच अंतर ₹57.60 है। मूलधन की गणना कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹3000
- ✓ B. ₹4000
- ✗ C. ₹4500
- ✗ D. ₹3500

Q.64 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं होता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक # $ 9 7 * 6 % 5 3 8

कूट L K A F B J S O H P

शर्तें –

(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों के कूटों को परस्पर प्रतिस्थापित कर दें।

(ii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव विषम संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध करें।

(iii) यदि चौथा अवयव एक प्रतीक है और पांचवां अवयव एक संख्या है, तो दोनों अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध करें।

संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?

#$97*

Ans
- ✗ A. LKASB
- ✗ B. LKJFB
- ✓ C. LKAFB
- ✗ D. OKAFB

Q.65 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर CYUW एक निश्चित तरीके से YUQS से संबंधित है। उसी प्रकार OKGI एक निश्चित तरीके से KGCE से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, IEAC दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✗ A. EBVB
- ✗ B. EZVY
- ✗ C. EAVY
- ✓ D. EAWY

Q.66 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

ABF–JKO

DEI–MNR

Ans
- ✓ A. RSW–ABF
- ✗ B. RRU–ABF
- ✗ C. RSW–ZBE
- ✗ D. RRU–ZAE

Q.67 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) और लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) क्रमशः 48 और 576 है। यदि उनमें से एक संख्या 192 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 136
- ✓ B. 144
- ✗ C. 143
- ✗ D. 141

Q.68 F, G, H, M, N और O एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। केवल O, F के ऊपर रहता है। H, F के ठीक नीचे रहता है। केवल G, N के नीचे रहता है। M और O के बीच कितने लोग रहते हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. चार
- ✓ C. दो
- ✗ D. एक

Q.69 एक बिल्ली किसी उद्यान में दो अलग-अलग भागों में दूरी तय करते हुए दौड़ती है। पहले भाग में, वह 70 कदम चलती है, जिसमें प्रत्येक कदम 0.4 मीटर का है। दूसरे भाग में, वह अपनी चाल बढ़ा देती है और 56 कदम चलती है, जिसमें प्रत्येक कदम 0.5 मीटर का है। यदि प्रत्येक भाग के लिए बिल्ली को समान समय (14 सेकंड) लगता है, तो पूरी दौड़ के लिए उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 2 m/s
- ✗ B. 4 m/s
- ✗ C. 1 m/s
- ✗ D. 5 m/s

Q.70 ट्रक में बक्सों को चढ़ाने के लिए रैंप (ramp) का उपयोग किया जाता है। यदि रैंप की लंबाई बढ़ा दी जाए परंतु ऊंचाई अपरिवर्ती रखी जाए, तो यांत्रिक लाभ पर क्या प्रभाव पड़ेगा और क्यों?

Ans
- ✗ A. यांत्रिक लाभ में कमी होगी, क्योंकि रैंप की ढलान और खड़ी हो जाएगी
- ✗ B. यांत्रिक लाभ में वृद्धि होगी, क्योंकि रैंप अधिक ऊंचा हो जाएगा
- ✓ C. यांत्रिक लाभ में वृद्धि होगी, क्योंकि इनपुट बल अधिक दूरी में विस्तारित हो जाएगा
- ✗ D. यांत्रिक लाभ में कमी होगी, क्योंकि रैंप छोटा हो जाएगा

Q.71 एक दुकानदार ₹240 प्रति दर्जन की दर से 60 दर्जन वस्तुएं खरीदता है। वह प्रत्येक वस्तु को ₹25 में बेचता है। उसका लाभ प्रतिशत कितना है?

Ans
- ✗ A. 30%
- ✓ B. 25%
- ✗ C. 20%
- ✗ D. 35%

Q.72 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के समूह को निम्नलिखित कूट और दी गई शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाना है। शर्तों का अनुसरण करने वाले कूटों का सही संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि एक भी शर्त का अनुसरण नहीं किया जाता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी तरीके से अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक + & ! @ 7 8 9 * 4 $

कूट P Z F K U X Q Y I A

शर्तें –

(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो पहले अवयव और अंतिम अवयव के कूट परस्पर बदल दीजिए।

(ii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव विषम संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध कीजिए।

(iii) यदि चौथा अवयव एक प्रतीक है और पांचवां अवयव एक संख्या है, तो चौथे अवयव और पांचवें अवयव को © के रूप में कूटबद्ध कीजिए।

निम्नलिखित का कूट क्या होगा?

9&!@7

Ans
- ✗ A. IZFKU
- ✗ B. UYFKQ
- ✓ C. QZF©©
- ✗ D. PZA©©

Q.73 किसी व्यक्ति ने ₹350 में एक कुर्सी खरीदी और उसे 10% की हानि पर बेच दिया। विक्रय मूल्य कितना था?

Ans
- ✗ A. ₹310
- ✓ B. ₹315
- ✗ C. ₹300
- ✗ D. ₹320

Q.74 दिया गया है कि $137^{0.61} = x$, $137^{0.25} = y$ और $x^z = y^6$ है, तो z का मान _____के निकटतम है।

Ans
- ✓ A. 2.46
- ✗ B. 4.17
- ✗ C. 4.48
- ✗ D. 2.89

Q.75 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 115 का संबंध 226 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 219 का संबंध 330 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 306 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✓ A. 417
- ✗ B. 421
- ✗ C. 419
- ✗ D. 415

"